## समाचार संक्षेप

### कोटा शनि मंदिर में 27 को मनाएंगे जयंती

रायपुर, 19 मई (एजेंसी)। कोटा के शनि मंदिर में 27 मई को शनिदेव जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर सुबह से विशेष अनुष्ठान होंगे। मंदिर के पुजारी विकास शर्मा ने बताया कि ज्येष्ठ अमावस्या शनि जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 7.30 बजे विशेष श्रृंगार और महाआरती की जाएगी। इसके बाद 11 बजे से यज्ञ आहुतियां और 12 बजे से महाभोग प्रसादी वितरण होगा। शाम 7.30 बजे ढोल-नगाड़ के साथ महाआरती की जाएगी। साथ ही अतिशबाजी होगी। इसके बाद किशन पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां होंगी।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक 29 को राजधानी में

रायपुर, 19 मई (एजेंसी)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक रायपुर में होने जा रही है। वीन दिवसीय बैठक में शिक्षा और सामाजिक विषयों पर आधारित प्रस्ताव पारित किए जाएंगी। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्त, वक्फ बोर्ड बिल और अन्य शिक्षा संबधी समसामयिक मुद्दे भी होंगे। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में 29 से 31 मई तक होने वाली इस बैठक में एबीवीपी के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसमें मिजोरम, नेपाल, सिक्किम, केरल और कश्मीर समेत देशभर के 700 प्रतिनिधि भी शिरकत करेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मुकुंद सियार कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। बैठक पर्यावरण अनुकूल एवं नवाचारों से युक्त होगा। आयोजन जीरो प्लास्टिक यूज के सिद्धांत पर आधारित होगा। सब्जियों के छिलकों से कंपोस्ट खाद तैयार करने, मिलेट से रंगोली बनाने, गोबर से मैनचेस्टर प्लेट तैयार करने और बैच को भी धान और अनाज का उपयोग करके बनाने की योजना है।

## सीएम विष्णुदेव साय ने किया सिद्ध बाबा जलाशय परियोजना का निरीक्षण

### ◆34 गांवों को मिलेगा सिंचाई लाभ



रायपुर, 19 मई (एजेंसी)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने खैरागढ़-छुईखदान विकासखंड के ग्राम गभरा का दौरा कर वहाँ निर्माणाधीन सिद्ध बाबा जलाशय परियोजना का निरीक्षण किया। यह बहुप्रतीक्षित परियोजना लगभग 220 करोड़ की लागत से बनाई जा रही है और इसका उद्देश्य क्षेत्र में सिंचाई और जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करना है।

**परियोजना को मिली प्रशासनिक स्वीकृति**

सिद्ध बाबा लघु जलाशय योजना को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है। इस परियोजना को 9 मार्च 2022 को जल संसाधन विभाग, महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की गई थी। यह जलाशय लमती नदी पर ग्राम उरतुली के पास बनाया जाएगा, जो जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर है।

**जल संग्रहण और सिंचाई विस्तार**

प्रस्तावित जलाशय की जलधारण क्षमता 9.496 मिलियन घन मीटर है। इसके निर्माण से खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, बेमेतरा और दुर्ग जिलों के कुल 34 गांवों की लगभग 1840 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। खैरागढ़ विधानसभा के 19 गांवों को 885 हेक्टेयर, साजा विधानसभा क्षेत्र के 11 गांवों को 820 हेक्टेयर और दुर्ग जिले के 4 गांवों को 135 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई सुविधा मिलेगी।

**23 लघु जलाशयों को मिलेगा नया जीवन**

इस परियोजना के तहत 23 लघु जलाशयों को भी जलापूर्ति की जाएगी, जिससे जल संरक्षण और कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी। इसमें छुईखदान के 13, साजा के 7 और धमधा विकासखंड के 3 जलाशय शामिल हैं।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल**

सिद्ध बाबा जलाशय परियोजना न केवल कृषि उत्पादन बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था, खाद्य सुरक्षा और किसानों की आत्मनिर्भरता को भी मजबूती प्रदान करेगी। यह परियोजना सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लिए एक स्थायी समाधान के रूप में उभर सकती है।

## वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार सुरेश सिंह बैस को उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने किया सम्मानित




बिलासपुर 19 मई (एजेंसी) स्थानीय उद्योग भवन में आयोजित दैनिक छत्तीसगढ़ वॉच के द्वितीय स्थापना दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार, लेखक एवं कवि सुरेश सिंह बैस को छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव जी के करकमलों द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्री बैस के पत्रकारिता, साहित्य तथा सामाजिक क्षेत्र में दिए गए अनुकरणीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।इस गरिमामयी समारोह में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, नगर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी, दैनिक छत्तीसगढ़ वाच के प्रधान संपादक एवं प्रकाशन मुद्रक श्री रामावतार तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह का माहौल साहित्यिक और पत्रकारिता जगत के लिए प्रेरणादायक रहा। ज्ञात हो कि सुरेश सिंह बैस को पूर्व में भी कई प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाज़ा जा चुका है। नेपाल की शब्द प्रतिभा बहु-क्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन तथा विचार क्रांति साहित्य सेवा संस्थान, सिंगरौली द्वारा प्रदत्त सम्मान उनके अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान का प्रमाण हैं।अब तक श्री बैस को तीस से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं, जो उनके उत्कृष्ट कार्यों की सार्थक पहचान एवं प्रेरणा का स्रोत हैं।सम्मान के अवसर पर श्री बैस ने कहा, ÷यह सम्मान केवल मेरा नहीं, उन सभी शब्दों और विचारों का है जो समाज की सेवा में समर्पित रहे हैं। पत्रकारिता और साहित्य समाज के आईने हैं, और मैं अपने लेखन से सदैव जनसेवा करता रहूँगा।÷कार्यक्रम का समापन सृजनशीलता, सामाजिक चेतना और पत्रकारिता के प्रति समर्पण की भावना से परिपूर्ण रहा।

## सेना के शौर्य के सम्मान में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

धमतरी, 19 मई (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता से देश का हर नागरिक अपनी सेना और सरकार पर गर्व महसूस कर रहा है। यही कारण है रविवार को सर्व भारतीय समाज के तत्वाधान में भव्य तिरंगा यात्रा धमतरी में निकाली गई। लोगों ने बढ़ चढ़ कर इसमें हिस्सा लिया। महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रही। अनेक महिलाओं ने लाल साड़ी पहन कर ऑपरेशन सिंदूर को सेना के शौर्य का प्रतीक बताते हुए तीनों सेनाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। जिले भर से हजारों की संख्या में नागरिकों ने इस तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। नगर के प्रथम नागरिक महापौर रामू रोहरा ने ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता पर बधाई दी और नगर के प्रायः सभी समाज के प्रतिनिधि, एवं नगरवासियों ने इस यात्रा में अपनी सहभागिता दी।

## कौशल्या विहार में अवैध कब्जों पर चला प्रशासन का बुलडोजर, फर्जी दस्तावेज़ों से जमीन खरीदने वालों को भी नुकसान

रायपुर, 19 मई (एजेंसी)। रायपुर के कौशल्या विहार इलाके में शनिवार सुबह एक बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई देखने को मिली। रायपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने यहां 26 एकड़ जमीन पर वर्षों से चल रहे अवैध कब्जों और निर्माण कार्यों को हटाने की कार्यवाही की। मौके पर एसडीएम नंदकुमार चौबे, ऋष्ठ व नगर निगम के अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।यह जमीन आरडीए की बताई गई है, जिस पर कई लोगों ने बिना कानूनी अनुमति के कब्जा कर लिया था। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेज़ों के आधार पर जमीन खरीदी थी। इलाके में रहने वाले पप्पू खान और समा बेगम जैसे कुछ नागरिक ठगी के शिकार हो गए। पप्पू खान ने बताया कि उन्होंने दो साल पहले करीब एक लाख रुपये खर्च कर कर्ज लेकर यह जमीन खरीदी थी और मकान बनवा रहे थे, लेकिन दस्तावेज़ फर्जी निकले। प्रशासन ने इस मामले को गंभीर मानते हुए फर्जी जमीन बेचने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की है।

वहीं, प्रभावित लोगों को उनके सामान के साथ सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है।

## कृषि विभाग सहित लाइन डिपार्टमेंट की कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

कोरबा, 19 मई (एजेंसी)। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि विभाग सहित संबंधित लाइन डिपार्टमेंट्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने खरीफ सीजन 2025 की तैयारी को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि सभी सहकारी समितियों में शिविर दिवस से पहले खाद एवं बीज का भंडारण कर किसानों को समय पर वितरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, सभी समितियों से 40 प्रतिशत अग्रिम उठाव की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए।

कलेक्टर श्री वसंत ने कहा कि 10 वर्षों के भीतर के जीबी किस्मों को बढ़ावा देने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बीज उत्पादन कार्यक्रम हेतु उपयुक्त किसानों का चयन प्राथमिकता के आधार पर हो। धान के स्थान पर ऊंचे भूभाग में दलहन एवं तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नए किसान क्रेडिट कार्ड बनवाकर सभी पात्र किसानों को इसका लाभ दिया जाए तथा धान के अलावा अन्य फसलों के लिए भी ऋण स्वीकृत किया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पिछले वर्ष वंचित हुए किसानों को फिर से बीमा कवरेज में शामिल किया जाए।

पीएम किसान योजना के तहत लंबित ई-केवाईसी, लैंड सीडिंग, भौतिक सत्यापन, वन अधिकार व पीवीटीजी से संबंधित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुशासन से संबंधित आवेदनों का निराकरण भी समयसीमा में सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कृषि आदान गुणवत्ता नियंत्रण के अंतर्गत लिए गए नमूनों को प्रयोगशाला भेजने एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने को कहा।

साथ ही, 'नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल' के तहत कोरबा व करतला ब्लॉक में मूंगफली की खेती के लिए कार्ययोजना तैयार करने तथा जिले को बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु कटघोरा,पाली और पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायतों में किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही जिलेवार रासायनिक उर्वरक की मांग, अग्रिम भंडारण और उठाव की जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया गया।

बैठक में उद्यानिकी विभाग के ऑयल पाम रोपण की प्रगति, पशुधन विभाग के अंतर्गत दुग्ध सहकारी समिति के गठन एवं पंजीयन की समीक्षा, मोबाइल वेटनरी यूनिट की कार्यों की जानकारी, तथा मत्स्य पालन विभाग द्वारा एक्वापार्क स्थापना की प्रगति पर भी चर्चा हुई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अधिकारी मुख्यालय में उपस्थित रहें, आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा और कार्य संतोषजनक न होने पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।बैठक में कृषि, सहकारिता, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन सहित सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने पुतला फूंका

### ◆ राहुल गांधी पर एफआईआर का कर रहे थे विरोध

बलरामपुर, 19 मई (एजेंसी)। रामानुजगंज लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बिहार में दलित छात्रो से मिलने से रोकने एवं बाद में एफआईआर दर्ज करने का आरोप लगाते हुए इसके विरोध में एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव प्रतीक सिंह के नेतृत्व में एनएसयूआई,युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में लरंगसाय चौक पर नरेंद्र मोदी अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पुतला फूंका गया।

प्रतीक सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जी की बढ़ती लोकप्रियता से केंद्र की मोदी सरकार व नीतीश सरकार बिहार में डर गई है।राहुल गांधी छात्रावास की और छात्रों की स्थिति की जानकारी लेने पहुंचे तो उन्हें पुलिस बल के द्वारा रोका गया जिससे स्पष्ट है कि एनडीए सरकार घबराई हुई है।

इस दौरान युवा कांग्रेस के राजेन्द्र श्रीवास , निरज गुप्ता, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राहुल बर्मन , शिव शंकर , शमशेर अंसारी , बजरंग गुप्ता, इस्ताक , नाजिम अंसारी , इंतखाब अंसारी , निशांत चौबे , विजय यादव , कृतिव्रत मंडल , अबरार , नरेन्द्र सिंह , संतोष सिंह , विद्या गुप्ता, अरशद , क्षितिज गुप्ता, रिजवान , सन्नी सिंह , अशद , आयुष ठाकुर सहित एनएसयूआई, युवा कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाज सेवक संघ द्वारा साड़ियाँ वितरित

राजनांदगाँव, 19 मई (एजेंसी)। समाज सेवक संघ द्वारा पाताल भैरवी मंदिर में जरूरत मंदो को साडियाँ वितरित की गई। समाज सेवी व संघ के संयोजक संजीव सिंघल, शिक्षिका सुशीला सिंघल, संघ की जिलाध्यक्ष श्रीमती यामला साहू एवं डोंगरगाँव की तहसील अध्यक्ष उमा साहू ने पाताल भैरवी मंदिर में सर्वप्रथम काली माँ के दर्शन कर उन्हें साडियाँ समर्पित कीं एवं तत्पश्चात् मंदिर परिसर में निर्धन भिक्षुणिओं को साडियाँ आर्पित कीं। इसी प्रकार उन्होंने वृद्धा आश्रम में भी वहाँ के प्रभारी कमलेश कोसरे को वृद्धजनों को वितरित करने हेतु केले एवं साडियाँ सौंपी गई एवं वृद्धजनों से भेंट कर उनके हाल-चाल पूछे, वे सभी संतुष्ट थे।

## क्रेडा-सीईओ द्वारा सौर सुजला योजना की समीक्षा




**◆ कार्य में प्रगति लाने के दिये निर्देश**

**◆कार्य प्रारम्भ ना करने वाली इकाइयों के आबंटित लक्ष्य होंगे निरस्त**

**◆उचित प्रगति वाली इकाइयों को होगा लक्ष्य हस्तांतरण**

रायपुर 19 मई (एजेंसी) क्रेडा द्वारा संचालित महत्वकांक्षी सौर सुजला योजना अंतर्गत प्रदेश में सौर सिंचाई पम्पों की स्थापना की जा रही है। क्रेडा, प्रधान कार्यालय में योजनांतर्गत कार्यों की समीक्षा हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रेडा राजेश सिंह राणा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में योजनांतर्गत कार्यरत् समस्त स्थापनाकर्ता इकाई उपस्थित हुए। योजनांतर्गत कार्यों की इकाईवार समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रेडा द्वारा सभी इकाईयों को कार्य में तेजी लाने एवं ससमय कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिये गये। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशानुसार योजनांतर्गत स्थापित किये जाने वाले प्रत्येक संयंत्रों में योजना, संयंत्र की जानकारी एवं क्रेडा तथा स्थापनाकर्ता इकाई के दूरभाष/टोल फ्री नंबर सहित स्टीकर लगाये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये, ताकि संयंत्र में किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में कृषकों द्वारा संबंधित को सूचित कर निराकरण किया जा सके।ऐसी इकाईयां जिनके द्वारा अब तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, उन्हें कड़ी चेतावनी देते हुए एक सप्ताह का अंतिम समय प्रदान किया गया, तदउपरांत उन्हें आबंटित लक्ष्य को निरस्त कर अन्य सक्षम इकाई को हस्तांतरित कर दिया जावेगा।बैठक में इकाईयों द्वारा सोलर पैनल की अनुपलब्धता के संबंध में अवगत कराया गया, जिस पर गंभीरता से विचार करते हुए राणा द्वारा इस संबंध में शासन को अवगत कराते हुए संयंत्र स्थापना हेतु कुछ अतिरिक्त समय की मांग करने का आश्वासन दिया गया, साथ ही इस समस्या के शीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश दिये गये। सभी इकाईयों को संयंत्रों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी प्रदान किये गये ताकि कृषकों को योजना का उचित लाभ मिल पाए ।

## विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता: सोनमणि बोरा

रायपुर, 19 मई (एजेंसी)। आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं और कार्यों की समीक्षा बैठक आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, अंबिकापुर में आयोजित की गई। बैठक में पीएम जनमन, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, वृक्षारोपण सप्ताह, संविधान अनुच्छेद 275(1) एवं राज्य मद के अंतर्गत चल रहे छात्रावास एवं आश्रम भवन निर्माण, प्रयास आवासीय विद्यालय संचालन, सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त मांगों एवं शिकायतों की एजेंडा वार गहन समीक्षा की गई।प्रमुख सचिव बोरा ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि इन योजनाओं का ईमानदारी और संवेदनशी्लता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातीय परिवारों के लिए स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन परिवारों की दुर्गम वनांचलों में रहने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए बरसात के पहले पक्के आवासों का निर्माण कार्य हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए। यदि किसी प्रकार की सामग्री की कमी या अन्य अड़चन आती है तो उसकी जानकारी तत्काल कलेक्टर या जिला

## खुर्सीपार में निकली तिरंगा यात्रा

दुर्ग, 19 मई (एजेंसी)। कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया गया जिसमें पाकिस्तान के घर में घुसकर उनके आतंकी ठिकानों पर सर्जीकल स्ट्राइक की कार्यवाही करते हुए उनके आतंकी ठिकानों को निस्तनाबूत कर दिया गया जिसके बाद अब स्कूली बच्चों और युवाओं में जोश भरने के साथ-साथ उन्हें ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देते हुए जागरूक करने के लिए तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई जिसमें भारत माता की जय और भारतीय सेना के साहस और शौर्य पराक्रम की सराहना करते हुए खुर्सीपार क्षेत्र में रैली में भ्रमण किया सभी स्कूली बच्चों के हाथ में तिरंगा था मन में जोश और जुनून के साथ भारत माता की जय की लगातार जयकारे लग रहे थे।


## पूर्व तट रेलवे

(1) सूचना सं. eT-Bridges-WAT-05-2025, दिनांक : 13.05.2025

**कार्य का नाम :** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए सहायक मण्डल अभियन्ता/ब्रिज/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन KR लाइन में दामनजोड़ि-सिंगापुर रोड एवं RV लाइन में थेरुवाली-लड्डा सेक्शन में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ब्रिज/रायगड़ा के सेक्शन के अधीन ब्रिज कार्यों के निष्पादन के लिए ब्रिज जोनल (स्टील कार्य) ठेका।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 96,38,199.00, EMD : ₹ 1,92,800/-

(2) सूचना सं. eT-Bridges-WAT-06-2025, दिनांक : 13.05.2025

**कार्य का नाम :** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए सहायक मण्डल अभियन्ता/ब्रिज/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन KK-I एवं KK-II लाइन में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ब्रिज/अरकु एवं सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ब्रिज/जगदलपुर के सेक्शन के अधीन ब्रिज कार्यों के निष्पादन के लिए ब्रिज जोनल (स्टील कार्य) ठेका।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1,01,05,305.50, EMD : ₹ 2,00,500/-

(3) सूचना सं. eT-Bridges-WAT-07-2025, दिनांक : 13.05.2025

**कार्य का नाम :** सहायक मण्डल अभियन्ता/ब्रिज/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ब्रिज/अरकु एवं जगदलपुर के अधीन KK लाइन में 2025-26 वर्ष के लिए कोत्तवलसा-मालिगुड़ा-किरंडुल स्टेशन के बीच विभिन्न स्टील गर्डर ब्रिजों की थ्रू पेन्टिंग।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 69,04,652.10, EMD : ₹ 1,38,100/-

(4) सूचना सं. eT-Bridges-WAT-08-2025, दिनांक : 13.05.2025

**कार्य का नाम :** सहायक मण्डल अभियन्ता(ब्रिज)/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र में सीनियर सेक्शन इंजीनियर/ब्रिज/रायगड़ा के अधीन KR एवं RV लाइन में कोरापुट-सिंगापुर रोड एवं थेरुवाली-लड्डा स्टेशन के बीच विभिन्न स्टील गर्डर ब्रिजों की थ्रू पेन्टिंग।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 66,37,946.11, EMD : ₹ 1,32,800/-

कार्य पूरा होने की अवधि: 12 (बारह) महीने (सभी क्रम सं. के लिए)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 06.06.2025 को 1500 बजे (सभी निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर

PR-138/Q/25-26


## एनटीपीसी कोरबा ने स्वच्छता पखवाड़ा 2025 की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ की

कोरबा, 19 मई (दण्डकारण्य समाचार)। एनटीपीसी कोरबा ने स्वच्छता पखवाड़ा 2025 की शुरुआत की, जो स्वच्छ भारत अभियान के सिद्धांतों को सुदृढ़ करने और स्वच्छ, हरित व सतत पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु दो सप्ताह तक चलने वाला स्वच्छता अभियान है। इस अवसर की शुरुआत राजीव खन्ना, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी कोरबा द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाकर की गई। अपने संबोधन में खन्ना ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपने पेशेवर कर्तव्यों और व्यक्तिगत जीवन में स्वच्छता और साफ-सफाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का आह्वान किया। उन्होंने कर्मचारियों को अपने घरों के आसपास या उपयुक्त स्थानों पर वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया, जिससे एक हरित पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में योगदान दिया जा सके। एकत्रित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए, श्री खन्ना ने सामूहिक उत्तरदायित्व और पूरे 15-दिवसीय अभियान में निरंतर भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वच्छ और पर्यावरण के प्रति जागरूक कार्यस्थल एवं समाज की दीर्घकालिक दृष्टि को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का सतत प्रयास आवश्यक है। एनटीपीसी कोरबा स्वच्छ भारत मिशन के आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है और इस प्रकार के नियमित अभियान और सामुदायिक भागीदारी कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता और कार्रवाई को लगातार बढ़ावा देता रहेगा।

## न्यायालय तहसीलदार फ्रेजरपुर जिला बस्तर छ.ग.

//उद्घोषणा//

रा.प्र.क्रं./202505152500043/अ-6/2024-25

साकिन- सरगीपाल

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जिम मैथ्यू पिता स्व. मैथ्यू अब्राहम जाति सामान्य निवासी- जवाहर नगर वार्ड क्रमांक 24 जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा ग्राम सरगीपाल प.ह.नं.-09 रा.नि.मं.- फ्रेजरपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 3/55 रकबा 0.016 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदित भूमि के सदस्य खातेदार मैथ्यू अब्राहम का निधन दिनांक 18/11/2009 को हो चुका है। आवेदक के द्वारा दबादलानामा के आधार पर मृतक शामिल खातेदार का नाम विलोपित कर आवेदक अपना नाम शामिल नाम के रूप में दर्ज करवाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के आगामी पेशी तिथि 29-05-2025 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
फ्रेजरपुर-जिला बस्तर